जिला स्तरीय परीक्षा

# विषय: गाय धर्म और विज्ञान

## कक्षा: 9 वीं से 12 वीं

## सत्र 2025-26

## सेट– C

**प्रश्नों की संख्या : 75** **समय: 1 घंटे 30 मिनट**

**अधिकतम अंक: 75**

---

**1. समुद्र मंथन से उत्पन्न पाँच गौओं में 'नंदा' का प्रमुख गुण क्या बताया गया है?**

(a) आनंद प्रदान करना (b) सिद्धियाँ प्रदान करना

(c) जगत का कल्याण करना (d) दुखों का निवारण करना।

**2. 'नंदी' को किसके साथ भूलोक में मानवों के संरक्षण हेतु अवतार लेने की आज्ञा भगवान शिव ने दी थी?**

(a) कामधेनु के साथ (b) शबला के साथ

(c) नंदिनी के साथ (d) सुरभि के साथ।

**3. भविष्य पुराण के अनुसार गौ माता के मस्तक के मध्य भाग में किस देवता का निवास है?**

(a) अग्नि (b) शिव (c) ब्रह्मा (d) इन्द्र।

**4. गौ के विश्वरूप में 'साध्य देवों' का निवास कहाँ माना गया है?**

(a) नेत्रों में (b) हृदय के समीप

(c) गले में (d) कान के छिद्रों में।

**5. ऋग्वेद के अनुसार कौन–सी चार वस्तुएँ देवताओं के समान वन्दनीय और पूजनीय हैं?**

(a) वायु, भूमि, जल और अन्न

(b) आकाश, तेज, वायु और औषधि

(c) अग्नि, सूर्य, जल और गाय

(d) इनमें से कोई नहीं।

**6. 'गावो विश्वस्य मातरः' के आधार पर गाय को विश्व की माता क्यों कहा गया है?**

(a) केवल दूध देने के कारण

(b) धार्मिक अनुष्ठान के कारण

(c) प्राचीन परंपरा के कारण

(d) चराचर जगत् के पोषण और कल्याण हेतु।

**7. महाराज दशरथ ने गौदान करते समय सुसज्जित गायों के साथ और क्या अर्पित किया था?**

(a) चांदी के खुर और सोने के सींग

(b) केवल अन्न

(c) भूमि के पट्टे (d) रेशमी वस्त्र।

**8. रामचरितमानस में 'विप्र धेनु सुर संत हित' चौपाई के अनुसार प्रभु के अवतार का एक मुख्य उद्देश्य क्या है?**

(a) केवल राक्षसों का संहार (b) गौ और विप्रों का संरक्षण

(c) केवल मर्यादा की स्थापना (d) इनमें से कोई नहीं।

**9. भगवान श्रीकृष्ण के राज्याभिषेक के समय कामधेनु ने उन्हें किस दिव्य जल से अभिषेक किया था?**

(a) गंगा जल से (b) यमुना जल से

(c) क्षीरसागर के जल से (d) अपने दूध (दुग्ध) से।

**10. श्रीकृष्ण के समय में 'वृषभ' (बैल) को किसका जीवित स्वरूप मानकर पूजा जाता था?**

(a) धर्म का (b) शक्ति का

(c) कर्म का (d) विजय का।

**11. सत्यकाम जाबाल को किस पक्षी ने 'ब्रह्म' के 'अनन्त' पाद का ज्ञान दिया था?**

(a) वृषभ ने (b) जलमुर्ग ने (c) हंस ने (d) अग्नि ने।

**12. राजा दिलीप ने नन्दिनी की सेवा के दौरान सिंह के आक्रमण पर अपना कौन–सा बलिदान देने का निश्चय किया था?**

(a) अपने राज्य का

(b) अपने धन का

(c) अपनी सेना का

(d) अपने प्राणों और शरीर (मांस) का।

**13. अज्ञातवास के दौरान अर्जुन ने विराट नगर की गायों को छुड़ाने के लिए किस योद्धा के विरुद्ध युद्ध किया था?**

(a) केवल दुर्योधन

(b) केवल कर्ण

(c) भीष्म, द्रोण और पूरी कौरव सेना

(d) शकुनि।

**14. राजा ऋतम्भर ने गौ–सेवा व्रत के दौरान कौन–सा कठिन नियम अपनाया था?**

(a) केवल मौन रहना

(b) केवल फल खाना

(c) गाय के चलने पर चलना और सोने पर सोना

(d) रात भर जागना।

**15. सम्राट अशोक के सत्ताईसवें वर्ष के शिलालेख के अनुसार बैलों के प्रति कौन–सा कड़ा नियम बनाया गया था?**

(a) उन्हें खेती में न लगाया जाए

(b) उन्हें केवल राजमहल में रखा जाए

(c) उन्हें बधिया (Castrate) न किया जाए

(d) इनमें से कोई नहीं।

**16. मुगल काल के दौरान 'आइन–ए–अकबरी' में किस शासक द्वारा गौ रक्षा हेतु बनाए गए नियमों का उल्लेख मिलता है?**

(a) हुमायूँ (b) शाहजहाँ (c) औरंगजेब (d) अकबर।

**17. ईसाई संत 'सेंट फ्रांसिस' ने पशुओं के प्रति समाज को किस प्रकार का दृष्टिकोण अपनाने को कहा?**

(a) उपयोगितावादी (b) केवल दयापूर्ण

(c) छोटे भाई–बहन समान प्रेमपूर्ण

(d) दूरी बनाए रखने वाला।

**18. पारसी धर्मग्रंथ 'अवेस्ता' में गौ माता की आत्मा के लिए किस शब्द का प्रयोग हुआ है?**

(a) दिव्य आत्मा (b) गो–लोक

(c) रूह–ए–पाक (d) गेउश उर्वा।

**19. महात्मा गाँधी ने 'गौ रक्षा' को हिंदू धर्म की कौन–सी विशेष भेंट माना था?**

(a) सबसे बड़ी भेंट (b) एक राजनीतिक उपकरण

(c) केवल एक परंपरा (d) इनमें से कोई नहीं।

**20. बालक शिवाजी ने किस स्थान पर कसाई द्वारा गाय के साथ क्रूरता को देखकर विद्रोह किया था?**

(a) पुणे में (b) रायगढ़ में

(c) सूरत में

(d) विजापुर (बीजापुर) के बाजार में।

**21. पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री ने बनारस में गौ–उत्पादों के वैज्ञानिक प्रयोग हेतु किसकी स्थापना की?**

(a) अमूल डेयरी (b) कृषि विश्वविद्यालय

(c) गौ सेवासंघ (d) दुग्ध बोर्ड।

**22. भारतीय नस्ल 'गिर' की सबसे बड़ी विशेषता क्या है जिसके कारण इसे विदेशों में निर्यात किया गया?**

(a) छोटे कद के कारण

(b) केवल सुंदर दिखने के कारण

(c) उच्च रोग प्रतिरोधक क्षमता और दुग्ध उत्पादन

(d) तेज दौड़ने के कारण।

**23. 'अमृत महाल' नस्ल के विकास का मुख्य श्रेय किस मैसूर शासक को जाता है?**

(a) टीपू सुल्तान और हैदर अली

(b) कृष्णदेव राय

(c) महाराज चिक्का देवराज

(d) इनमें से कोई नहीं।

**24. छत्तीसगढ़ की 'कोसली' गाय को (ICAR) द्वारा किस नस्ल क्रम संख्या पर पंजीकृत किया गया है?**

(a) 00001 (b) 00036 (c) 10036 (d) 03036.

**25. कोसली गाय के दूध में 'Total Solids की औसतन मात्रा कितनी प्रतिशत पाई जाती है?**

(a) 5% (b) 13% (c) 20% (d) 8%.

**26. देशी गाय में मौजूद 'सूर्यकेतु नाड़ी' सूर्य की किरणों से मिलकर दूध में किस धातु के अंश उत्पन्न करती है?**

(a) तांबा (b) लोहा (c) स्वर्ण (d) चांदी।

**27. विदेशी नस्ल की गायों (जैसे–जर्सी) में 'गल कंबल' न होने के कारण उन पर भारतीय जलवायु का क्या प्रभाव पड़ता है?**

(a) वे अधिक स्वस्थ रहती हैं

(b) उनके दूध में फैट बढ़ जाता है

(c) वे गर्मी सहन नहीं कर पातीं

(d) वे अधिक समय तक जीवित रहती हैं।

**28. देशी गाय और विदेशी गाय के दूध में प्रमुख अंतर किस प्रोटीन घटक के कारण होता है?**

(a) A1 और A2 बीटा कैसीन (b) विटामिन–सी

(c) ग्लूकोज (d) लैक्टोज।

**29. आयुर्वेद के अनुसार भैंस का दूध किन स्थितियों में हानिकारक बताया गया है?**

(a) अधिक प्यास लगने पर (b) अनिद्रा के रोगियों के लिए

(c) बच्चों के लिए

(d) मंदाग्नि और कफ के रोगियों के लिए।

**30. गाय के दूध में पाया जाने वाला 'Beta-Carotene' मानव शरीर में जाकर किस विटामिन में परिवर्तित होता है?**

(a) विटामिन–डी (b) विटामिन–के

(c) विटामिन–ए (d) विटामिन–बी 12।

**31. रूसी वैज्ञानिक एन. एन. शिरोविच के अनुसार गाय का घी मानव रक्त में किस तत्व के संतुलन को बनाए रखता है?**

(a) शुगर (b) कोलेस्ट्रॉल

(c) यूरिया (d) हीमोग्लोबिन।

**32. 'आयुर्वेघृतम' (10 वर्ष पुराना घी) का उपयोग किन रोगों के उपचार में विशेष रूप से किया जाता है?**

(a) केवल बुखार में (b) हड्डियों के टूटने पर

(c) मानसिक रोग और मिर्गी में (d) इनमें से कोई नहीं।

**33. गौ–मूत्र में मौजूद नाइट्रोजन का मुख्य कृषि उपयोग क्या है?**

(a) कीटनाशक बनाना

(b) यूरिया की आपूर्ति और फसल वृद्धि

(c) केवल खरपतवार हटाना (d) बीज शोधन।

**34. आधुनिक विज्ञान के अनुसार गौ–मूत्र अर्क में कौन–सा गुण पाया गया है जो कैंसर दवाओं की सक्रियता बढ़ाता है?**

(a) Bio-enhancer (जैव–शक्तिवर्धक)

(b) केवल दुर्गंध नाशक

(c) शीतलता दायक (d) इनमें से कोई नहीं।

**35. आयुर्वेद के अनुसार 'गोमय' (गोबर) के रस का उपयोग किस आपातकालीन स्थिति में किया जा सकता है?**

(a) चोट लगने पर (b) सिरदर्द में

(c) जुकाम में (d) विषपान या सर्पदंश पर।

**36. गोबर से बनी 'भस्म' (राख) का रासायनिक गुण इसे किस उपयोग के लिए उपयुक्त बनाता है?**

(a) केवल पेंट बनाने के लिए

(b) पायरिया और मुख रोगों हेतु दंत मंजन के लिए

(c) केवल रंगाई के लिए

(d) इनमें से कोई नहीं।

**37. 'स्वर्णप्राशन' संस्कार में सोने की भस्म के अलावा किन गौ–उत्पादों का होना अनिवार्य है?**

(a) दही और मक्खन (b) गौमूत्र और दूध
(c) गौघृत (घी) और शहद (d) इनमें से कोई नहीं।

**38. स्वर्णप्राशन को 'पुष्य नक्षत्र' में ही देने का क्या वैज्ञानिक आधार माना गया है?**

(a) यह नक्षत्र औषधि अवशोषण क्षमता बढ़ाता है
(b) यह केवल परंपरा है
(c) यह नक्षत्र ठंडा होता है
(d) इनमें से कोई नहीं।

**39. नियमित स्वर्णप्राशन से बच्चों में 'मेधा' के अतिरिक्त किस शक्ति का अद्‌भुत विकास होता है?**

(a) केवल सुनने की शक्ति (b) केवल दौड़ने की शक्ति
(c) रोग प्रतिरोधक क्षमता (d) इनमें से कोई नहीं।

**40. 'पंचगव्य' के निर्माण में कौन–से पाँच तत्व सम्मिलित होते हैं?**

(a) दूध, दही, घी, गोबर और गौमूत्र
(b) दूध, शहद, गुड़, जल और तुलसी
(c) दूध, फल, मेवा, केसर और घी
(d) इनमें से कोई नहीं।

**41. पंचगव्य को 'महाऔषधि' क्यों कहा जाता है?**

(a) यह केवल एक बीमारी ठीक करती है
(b) यह वात, पित्त और कफ तीनों दोषों को संतुलित करती है
(c) यह बहुत महँगी होती है
(d) यह केवल ऋषियों के लिए है।

**42. गौसेवा को नागरिक कर्तव्य के रूप में अपनाने हेतु 'पशु कल्याण बोर्ड' की स्थापना में किनका विशेष योगदान रहा?**

(a) जवाहरलाल नेहरू (b) रुक्मिणी देवी अरुंडेल
(c) इंदिरा गांधी (d) महात्मा गाँधी।

**43. शहरी क्षेत्रों में 'छत पर बागवानी' (Rooftop Gardening) के लिए किस प्रकार की खाद को सर्वोत्तम माना गया है?**

(a) रासायनिक यूरिया (b) औद्योगिक कचरा
(c) केवल पानी (d) गोबर खाद और कम्पोस्ट।

**44. 2050 तक शहरी आबादी के अनुमान को देखते हुए 'Urban Farming' में गाय की क्या भूमिका हो सकती है?**

(a) कोई भूमिका नहीं है
(b) अपशिष्ट प्रबंधन और जैविक खाद की आपूर्ति
(c) केवल दूध बेचना
(d) इनमें से कोई नहीं।

**45. देशी गाय के एक ग्राम गोबर में सूक्ष्म जीवाणुओं की संख्या लगभग कितनी होती है?**

(a) 10 लाख (b) 300 से 500 करोड़
(c) 1 करोड़ (d) 50 लाख।

**46. 'जीवामृत' तैयार करने में गोबर और गौमूत्र के साथ किस विशेष वस्तु का उपयोग सूक्ष्मजीवों की संख्या बढ़ाने हेतु किया जाता है?**

(a) नमक (b) तेल (c) चूना (d) गुड़ और बेसन।

**47. रासायनिक खेती की तुलना में गौ–आधारित कृषि (जीवामृत प्रयोग) से सिंचाई में कितनी बचत संभव है?**

(a) 10-20 % (b) बिल्कुल नहीं
(c) 70-80% (d) 50%.

**48. 'घनजीवामृत' का उपयोग किस अवस्था में किया जाता है?**

(a) केवल तरल रूप में
(b) सूखे पाउडर या दानेदार खाद के रूप में
(c) केवल बीज शोधन में
(d) इनमें से कोई नहीं।

**49. 'समाधि खाद' तैयार करने के लिए मृत गाय के अवशेषों के साथ किस पदार्थ का उपयोग प्राकृतिक गलनांक बढ़ाने हेतु किया जाता है?**

(a) प्लास्टिक (b) कोयला
(c) ताँबा (d) नमक और गोबर।

**50. केंचुए को 'किसानों का मित्र' क्यों कहा जाता है?**

(a) वह सुंदर दिखता है
(b) वह मिट्टी को भुरभूरी बनाकर उसमें वायु संचार बढ़ाता है
(c) वह फसल खाता है
(d) इनमें से कोई नहीं।

**51. गौमूत्र में पाया जाने वाला 'Carbolic Acid' किस रूप में कार्य करता है?**

(a) मीठा रस (b) कीटाणुनाशक
(c) पोषक तत्व (d) केवल गंध।

**52. भविष्य पुराण के अनुसार, गौ के खुरों के अग्र भाग में किनका निवास है?**

(a) अश्विनी कुमारों का (b) नागों का
(c) सिद्धों का (d) इन्द्र का।

**53. 'अथर्ववेद' के गौ सूक्त के अनुसार, गाय किसके पोषण का आधार है?**

(a) केवल मनुष्यों के (b) केवल राजाओं के
(c) देवताओं और पितरों के (d) इनमें से कोई नहीं।

**54. राजा दशरथ ने दान में दी गई गायों के सींगों को किस धातु से मढ़वाया था?**

(a) चाँदी से (b) सोने से (c) ताँबे से (d) पीतल से।

**55. वाल्मीकि रामायण के अनुसार, भरत जी ने नन्दिग्राम में प्रवास के दौरान किसकी सेवा को सर्वोपरि माना था?**

(a) केवल नागरिकों की (b) केवल सेना की
(c) गौ–सेवा और तपस्या को (d) इनमें से कोई नहीं।

**56. भगवान कृष्ण को 'गोविंद' की उपाधि किसके द्वारा दी गई थी?**

(a) देवराज इन्द्र और सुरभि द्वारा
(b) यशोदा माता द्वारा
(c) अक्रूर द्वारा (d) सुदामा द्वारा।

**57. सत्यकाम जाबाल को 'ब्रह्म' के 'अनन्त' स्वरूप का ज्ञान किसने दिया था?**

(a) हंस ने (b) जलमुर्ग ने (c) वृषभ ने (d) अग्नि ने।

**58. राजा दिलीप और सुदक्षिणा ने संतान प्राप्ति हेतु कितने दिनों तक नन्दिनी की सेवा की?**

(a) 11 दिन (b) 21 दिन

(c) 31 दिन (d) 51 दिन।

**59. पारसी धर्म के धर्मगुरु 'जरथुष्ट्र' ने गाय के किस उत्पाद को पवित्र और रोगनाशक माना है?**

(a) केवल दूध (b) गोबर

(c) दही (d) गौ–मूत्र (गौमेज)।

**60. सम्राट अशोक ने दक्षिण भारत के शिलालेखों में किस प्रकार के दान का गौरव गान किया है?**

(a) भूमि दान (b) स्वर्ण दान

(c) अन्न दान (d) गो–दान।

**61. लालबहादुर शास्त्री जी ने 'श्वेत क्रांति' की नींव रखते समय किस पशु के संवर्धन को प्राथमिकता दी थी?**

(a) भैंस (b) भारतीय गौवंश

(c) विदेशी गाय (d) ऊँट।

**62. भारतीय देशी गाय की पीठ पर ककुद (Hump) का होना किस वैज्ञानिक शक्ति का परिचायक है?**

(a) अधिक दूध देने की

(b) सूर्य की ऊर्जा को अवशोषित करने की

(c) तेज चलने की

(d) इनमें से कोई नहीं।

**63. कोसली गाय के दूध में वसा (Fat) की मात्रा कितनी पाई जाती है?**

(a) 2·5 % (b) 8%

(c) 1 % (d) 4·5% से 6·1%.

**64. विदेशी गायों का पूर्वज 'यूरास' किस स्वभाव का पशु था?**

(a) शांत (b) हिंसक और जंगली

(c) पालतू (d) इनमें से कोई नहीं।

**65. गाय और भैंस के दूध के घनत्व (Density) में क्या मुख्य अंतर होता है?**

(a) गाय का दूध भारी होता है

(b) दोनों समान होते हैं

(c) भैंस का दूध भारी और वसायुक्त होता है

(d) इनमें से कोई नहीं।

**66. 'A2' बीटा कैसीन युक्त दूध स्वास्थ्य के लिए क्यों बेहतर माना जाता है?**

(a) यह कड़वा होता है

(b) यह हृदय रोग और मधुमेह के जोखिम को कम करता है

(c) यह केवल बच्चों के लिए है

(d) इनमें से कोई नहीं।

**67. आयुर्वेद के अनुसार 'नस्य' (नाक में घी डालना) के लिए किसका घी सर्वोत्तम है?**

(a) भैंस का घी (b) विदेशी गाय का घी

(c) देशी गाय का पुराना घी (d) इनमें से कोई नहीं।

**68. गौ–मूत्र अर्क (Distillate) को किस अवस्था में लेना सबसे प्रभावशाली माना जाता है?**

(a) खाना खाने के तुरंत बाद (b) रात को सोते समय

(c) दोपहर में (d) प्रातः काल खाली पेट।

**69. मिट्टी की 'जल धारण क्षमता' बढ़ाने में किसका सर्वाधिक योगदान है?**

(a) रसायनिक खाद का (b) कीटनाशकों का

(c) केवल वर्षा का (d) गोबर खाद और केंचुए का।

**70. छत पर बागवानी करने से घर के तापमान में कितनी गिरावट देखी जा सकती है?**

(a) कोई प्रभाव नहीं (b) 5 से 8 डिग्री सेल्सियस

(c) 15 डिग्री सेल्सियस (d) इनमें से कोई नहीं।

**71. जीवामृत में प्रयुक्त 'बेसन' (दाल का आटा) का क्या कार्य है?**

(a) स्वाद बढ़ाना

(b) मिट्टी को चिपचिपा बनाना

(c) सूक्ष्मजीवों के लिए प्रोटीन और भोजन की आपूर्ति

(d) इनमें से कोई नहीं।

**72. केंचुआ मिट्टी में कितनी गहराई तक जाकर भूमि को उपजाऊ बनाता है?**

(a) केवल 1 इंच

(b) 10 से 15 फीट तक (मिट्टी को ऊपर–नीचे करना)

(c) वह केवल सतह पर रहता है

(d) इनमें से कोई नहीं।

**73. गौ–आधारित कृषि को वर्तमान में किस अन्य नाम से भी जाना जा रहा है?**

(a) औद्योगिक कृषि (b) रासायनिक खेती

(c) शून्य लागत प्राकृतिक खेती (d) इनमें से कोई नहीं।

**74. 'स्वर्णप्राशन' संस्कार का मुख्य उद्देश्य क्या है?**

(a) बच्चे को सुंदर बनाना

(b) शारीरिक, मानसिक और प्रतिरक्षा तंत्र को सुदृढ़ करना

(c) बच्चे का वजन बढ़ाना

(d) इनमें से कोई नहीं।

**75. गौ–मूत्र में पाया जाने वाला 'Potassium' शरीर के किस विकार को दूर करता है?**

(a) रक्तचाप (BP) और मांस पेशियों की कमजोरी

(b) आँखों की रोशनी

(c) केवल दाँतों का दर्द

(d) इनमें से कोई नहीं।

●●

This document was created with the Win2PDF “Print to PDF” printer available at

https://www.win2pdf.com

This version of Win2PDF 10 is for evaluation and non-commercial use only.
Visit https://www.win2pdf.com/trial/ for a 30 day trial license.

This page will not be added after purchasing Win2PDF.

https://www.win2pdf.com/purchase/